# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 491 वर्ष 39 रांँची, मई, 2015


## मगध परियोजना का ऑनलाईन शिलान्यास




मगध परियोजना का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास, कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री सुदर्शन भगत, कोयला सचिव श्री अनिल स्वरूप, कोल इंडिया अध्यक्ष श्री एस भट्टाचार्य, डीजीपी झारखंड श्री डी के पाण्डेय एवं सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह

माननीय मुख्यमंत्री झारखंड, श्री रघुवर दास तथा माननीय विद्युत, कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा (स्वतंत्र प्रभार), मंत्री, भारत सरकार, श्री पीयूष गोयल, ने विगत 03 मई को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के उत्तरी कर्णपूरा कोलफील्ड में स्थित ग्रीन फील्ड मगध खुली खदान परियोजना का आई.आई.सी.एम. के प्रेक्षागृह में बटन दबा कर ऑनलाईन शिलान्यास किया। इस अवसर पर झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास, केन्द्रीय राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास) श्री सुदर्शन भगत, कोयला सचिव, श्री अनिल स्वरूप, कोल इंडिया के अध्यक्ष, श्री एस. भट्टाचार्य, डी.जी.पी. झारखंड, श्री डी.के. पाण्डेय, सी.एम.डी., सीसीएल, श्री गोपाल सिंह मंच पर उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने इस अवसर पर कहा कि कोल इंडिया की देश के विकास में अहम भूमिका रही है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि, श्री पीयूष गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि इस राज्य का भविष्य उज्जवल है। पूरे देश में लोगों को 24×7 बिजली मिले, यह माननीय प्रधानमंत्री का संकल्प है। उन्होंने कामगारों की सुरक्षा पर विशेष जोर देने की बात कही एवं मजदूरों के कल्याणकारी योजनाओं के अमल पर उन्होंने बल दिया।

केंद्रीय राज्य मंत्री, श्री सुदर्शन भगत ने इस अवसर पर कहा कि मगध परियोजना एक महत्वपूर्ण खदान है। इससे राज्य ही नहीं देश को भी बहुत लाभ होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कोल इंडिया अध्यक्ष श्री एस भट्टाचार्य ने इस विशेष अवसर पर मगध परियोजना के शिलान्यास की सराहना करते हुए सीसीएल प्रबंधन को बधाई दी। अपने स्वागत भाषण में सी.एम.डी., सीसीएल, श्री गोपाल सिंह ने कहा कि पिछले साल सी.सी.एल. ने कोयला उत्पादन में 11.2% और ओ.बी.आर. में 65% की वृद्धि कर ऐतिहासिक कीर्तिमान बनाया है। आने वाले दिनों में 17,000 लोगों के जमीन सत्यापन के बाद परियोजना प्रभावित लोगों को सी.सी.एल. में नौकरी मिलेगी।

इसके अतिरिक्त माननीय सांसद श्री सुनील सिंह, माननीय सांसद श्री रामटहल चौधरी, कोयला सचिव, श्री अनिल स्वरूप ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर उरीमारी के परियोजना प्रभावित 103 वर्षीय श्री सोना राम मांझी को पगड़ी पहना और शॉल ओढ़ा कर एवं मेडल प्रदान कर गणमान्य अतिथियों ने सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सीसीएल के 16 कर्मियों को 'श्रम भूषण' एवं 'श्रम श्री' पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माननीय अतिथियों द्वारा कायाकल्प स्कीम के तहत् क्वार्टर मरम्मत मैगजीन का विमोचन भी किया गया।

मगध परियोजना की अनुमानित क्षमता 20 मिलियन टन है। मगध खुली खान परियोजना में 351 मिलियन टन कोयले का भंडार है। परियोजना की स्वीकृति क्षमता के लिए अधिग्रहित की गई कुल भूमि 1526 हेक्टेयर है।

## केंद्रीय कोयला मंत्री ने समाधान केंद्र और "सीसीएल के लाल" का निरीक्षण किया




कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल "सीसीएल के लाल" से मुलाकात करते हुए

विगत 04 मई को माननीय केन्द्रीय विद्युत, कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री पीयूष गोयल ने सीसीएल, मुख्यालय का दौरा किया। सर्वप्रथम उन्होंने अमर शहीद जवान स्थल में जाकर दिवंगत कोयला कर्मियों को श्रद्धांजली अर्पित की। इसके बाद उन्होंने "समाधान केंद्र" में जाकर उसकी गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी, श्री गोपाल सिंह तथा सी.वी.ओ., श्री अरबिन्द प्रसाद ने उन्हें समाधान केंद्र (सिंगल विण्डों ग्रीवान्स सेल) के बारे में बताया। अध्यक्ष कोल इंडिया श्री एस. भट्टाचार्य भी मौके पर उपस्थित थे।

माननीय मंत्री ने गांधीनगर स्थित 'सीसीएल के लाल' में इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे बच्चों से भी मुलाकात की और उन्हें अच्छी पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं और आप इंजीनियर बनने के साथ–साथ एक अच्छा इंसान भी बने। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए ईमानदारी सबसे महत्वपूर्ण है।

## ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर

विगत 04 मई, 2015 को रांची में कोयला मंत्रालय, रेल मंत्रालय एवं राज्य सरकार के बीच ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन ज्वाइंट वेंचर पर हस्ताक्षर हुआ। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड, श्री रघुवर दास, माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री विद्युत, कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार श्री पीयूष गोयल, माननीय केंद्रीय मंत्री (ग्रामीण विकास), श्री सुदर्शन भगत, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (वित्त), श्री जयंत सिन्हा, माननीय सांसद श्री रामटहल चौधरी तथा श्री पी.एन. सिंह, श्री रविन्द्र राय, माननीय विधायकगण झारखंड, कोयला सचिव, श्री अनिल स्वरूप, मुख्य सचिव झारखंड, श्री राजीव गौबा, अध्यक्ष कोल इंडिया, श्री एस. भट्टाचार्य, सी.एम.डी., श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने इस अवसर पर कहा कि आज का यह समझौता देश और राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। कोयला ऑक्सन से राज्य को बहुत लाभ हुआ है, रेलवे से अधिकाधिक कोयला प्रेषण हो सकेगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कोयला राज्य मंत्री, श्री पीयूष गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि इस समझौते से कोल इंडिया, रेल मंत्रालय एवं राज्य सरकार को बहुत लाभ मिलेगा। इस रेल समझौते के होने से करीब 200 मिलियन टन कोयला बिजली घरों को भेजा जा सकेगा, जिसमें 40 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री सुदर्शन भगत ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री का सपना "सबका साथ सबका विकास" को पूरा करने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह राज्य हर दृष्टिकोण से बहुत धनी है, भरी पूरी खनिज संपदा है, इसके उचित दोहन से राज्य विकास कि उंचाईयों को छू सकता है।

अपने संबोधन में केंद्रीय राज्य मंत्री (वित्त) श्री जयंत सिन्हा ने कहा कि आज का समझौता ऐतिहासिक है, तीनों मंत्रालयों को इसका फायदा मिलेगा और राज्य में चहुंमुखी विकास होगा।




कोयला मंत्रालय, रेल मंत्रालय एवं झारखंड सरकार के बीच समझौता ज्ञापन होते हुए

इस ऐतिहासिक क्षण पर सी.एम.डी. सीसीएल श्री गोपाल सिंह ने कहा कि कोयला खदान से रेलवे साईडिंग तक कि दूरी तय करने में रेलवे कि बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। रोड ट्रांसपोर्टिंग से कोयला प्रेषण में खर्च अधिक आता है कोयला अगर रेलवे से भेजा जाए तो करीब वार्षिक 12 हजार करोड़ रूपये कि बचत हो सकती है। इससे आम जनता को सस्ती बिजली मिलेगी तथा हम पर्यावरण का भी संरक्षण कर सकेंगे।

## सीसीएल "बी.टी. स्टार पी.एस.यू. ऑफ द ईयर" (बेस्ट पीएसयू) से सम्मानित




सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह "बी.टी. स्टार पी.एस.यू. ऑफ द ईयर" का अवार्ड ग्रहण करते हुए

नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) को उत्कृष्ट कार्य के लिए "बी.टी. स्टार पीएसयू ऑफ द ईयर" अवार्ड से सम्मानित किया गया। अवार्ड सीसीएल सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने ग्रहण किया, जिनके नेतृत्व में सीसीएल ने इस वर्ष नया मुकाम हासिल किया है।

## एन.एस.डी.एफ. एवं एन.एस.डी.सी. के साथ समझौता ज्ञापन

राज्य के कौशल विकास के लिए विगत 04 मई, 2015 को सी.सी.एल. ने एन.एस.डी.एफ. एवं एन.एस.डी.सी. के साथ समझौता ज्ञापन किया। मौके पर माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास, केंद्रीय उर्जा मंत्री, श्री पियूष गोयल, केंद्रीय विकास मंत्री श्री राजीव प्रताप रूढ़ी, केंद्रय मंत्री श्री सुदर्शन भगत सहित केंद्र और राज्य के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

समझौते के अंतर्गत 68 हजार अनुबंध मजदूरों को दक्ष किया जाएगा, 102 वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। ट्रेनिंग सेंटर को सेंटर ऑफ एक्सलेंस बनाया जाएगा एवं वर्ग नौ के बाद छात्रों को ट्रेनिंग दी जाएगी।


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : जयेश रावल, जनसम्पर्क सहायक, सीसीएल, दरभंगा हाउस, रांँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, रांँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)